## उपस्थित सदस्यों की सूची

| क्रम सं. | नाम एवं पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. महेन्द्र पी.लामा, संस्थापक कुलपति,<br>सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक | अध्यक्ष |
| 2. | डा0 (श्रीमति) रेणु बत्रा,<br>संयुक्त सचिव<br>विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | सदस्य |
| 3. | श्री नवीन सोई, निदेशक (वित्त)<br>एकीकृत वित्त विभाग<br>उच्चतर शिक्षा विभाग<br>मानव संसाधन विकास मंत्रालय | |
| 4. | श्री वत्सला हरिहरण,<br>उपसचिव, उच्च्तर शिक्षा विभाग<br>मानव संसाधन विकास मंत्रालय | |
| 5. | श्री अर्जुन स्यांग्देन<br>पूर्व प्रधान मुख्य वन्य संरक्षक,<br>पश्चिम बंगाल सरकार | सदस्य |
| 6. | श्री बिधान दत्ता, निदेशक (लेखा)<br>विकास आयोजना, ई आर एवं एन सी ए विभाग<br>सिक्किम सरकार | सदस्य |
| 7. | श्री पी वी रवि,<br>विशेष कार्य अधिकारी<br>वित्त एवं प्रशासन<br>सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक | सचिव |

## अन्य

| क्रम सं. | नाम एवं पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | श्री चंदन तालुकदार<br>प्रबंधक (उप रजिस्ट्रार)<br>सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक | पर्यवेक्षक |

<u>समूह **I –** अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई मदें</u>

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:01** | अध्यक्ष महोदय द्वारा शांति व्यवस्था का आह्वान |

**<u>कार्यवृत्त</u>**

अध्यक्ष महोदय ने सदन में शांति कार्म रखने का आह्वान किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:02** | निधन सूचना संदर्भ |

***<u>कार्यसूची टिप्पणी</u>***

***[7.02.1*** सदन के समक्ष निम्नलिखित प्रख्यात व्यक्तियों की निधन सूचना गहरे शोक के साथ लाई गई ।

1. *सिक्किम राज्य में दिनांक* 18.09.2011 *को 6.9 रिक्टर पैमाने के प्रभावी भूकंप के पीडित*
2. *डा0 ए के एम अब्दूस सबुर, निदेशक बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय एवं रणनीतिक अध्ययन संस्थान (बी आई एस एस)*
3. *विख्यात गायक श्री भूपेन हजारिका, जिनका निधन* 05.11.2011 *को हुआ ।*
4. *विख्यात गजल गाय श्री जगजीत सिंह, जिनका निधन* 10.10.2011 *को हुआ ।*
5. *डा*0 *प्रहलाद योंजोन, विख्यात शिक्षाविद् एवं पर्यावरण विद्, काठमांडू जिनका निधन नवंबर, 2011 में हुआ ।*
6. *आई फोन के संस्थापक श्री स्टीव जॉब्स जिनका निधन* 05.10.2011 *को हुआ ।*
7. *अनुभवी कलाकार श्री शम्मी कपूर, जिनका निधन* 14.08.2011 *को हुआ ।*
8. *विख्यात असमीय लेखिका इंदिरा गोस्वामी (मामोनी रायसम गोस्वामी नाम से लोकप्रिय, जिनका निधन* 29.11.2011 *को हुआ ।*
9. *श्री जगदीश्वरा चारी, डा0 ओम गाड़े, एसोसिएट फेलो* II *के पिता ।*
10. *श्री वी जी वेमुरूगन, श्री वी इल्लमपारिथी, सहा प्रोफेसर के पिता ।*
11. *श्रीमन कुमारी सिंहा, श्री समर सिन्हा, सहा. प्रोफेसर की मां ।*
12. *श्रीमती शीखा नाग, डा0 सामिक नाग , सहा. प्रोफेसर की मां ।*
13. *श्रीमती शुभावती राई, डा0 एस के राई, सहा. प्रोफेसर की मां ।*

**<u>कार्यवृत्त</u>**

**7.2.1** सदन ने गहरी संवेदना के साथ प्रख्यात व्यक्तियों की निधन सूचना साथ ही उपरोक्त रिपोर्ट दर्शाए गए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के संबंधितों की मृत्यु को नोट किया । मृत आत्माओं के प्रति सम्मान के रूप में सदन ने दो मिनट का मौन धारण किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:03** | उपकुलपति का प्रेक्षण |

**कार्यवृत्त**

**7.3.1** अध्यक्ष द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें वित्त समिति की मई 2011 में आयोजित पिछली बैठक से विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्य निष्पादन का उल्लेख था । अध्यक्ष द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के विभिन्न प्रमुख पदाधिकारियों (माननीय मंत्री, एचआरडी से आरंभ करते हुए) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारीगण (अध्यक्ष से आरंभ करते हुए) द्वारा उपलब्ध समर्थन हेतु विश्वविद्यालय की ओर से हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिनके लिए उन्होंने उल्लेख किया कि उनके आभाव में विश्वविद्यालय उतनी प्रगति हासिल नहीं कर सकता था, जितना कि आज के दिन में किया गया। उपलब्धियों में अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त उच्च दर की सफलता का उल्लेख किया, जोकि एन ई टी /जेआरएफ एवं अन्य फेलोशिप में विश्वविद्यालय ने 4 वर्षों की अल्पावधि तथा एन ई टी केंद्र की स्थापना के बाद प्राप्त किया है ।

**7.3.2** सदन द्वारा विश्वविद्यालय की साढ़े चार वर्ष की सर्वोतमुखी प्रगति पर काफी संतोष एवं हर्ष व्यक्त किया गया । सदन का मानना था कि कई अवरोध एवं बाधाओं के बावजूद भी विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी भवन परियोजना की सभी पहलुओं सर्वाधिक सफलता पाने में सक्षम रहा है । सदन ने संस्थापक उपकुलपति को उनकी सक्रियता, दूरदृष्टि एवं कठिन परिश्रम के लिए साधुवाद दिया साथ ही ऐसे अल्पावधि में अद्वितीय प्रगति के लिए उनके दल को भी बधाई दिया ।

**7.3.3** विभिन्न शैक्षणिक पदों पर नियमित आधार पर भर्ती की स्थिति के संबंध में अध्यक्ष ने बतलाया कि एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए भी यू जी सी ने संकाय पदों के तौर पर 1प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 3 सहायक प्रोफेसर एवं इसी प्रकार सामान्य पाठ्यक्रम के लिए भी इतने ही पदों की स्वीकृति दी है । अध्यक्ष ने उल्लेख किया कि XII योजना दस्तावेज में विश्वविद्यालय यू जी सी से अपने एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए 3 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर, एवं 11 सहायक प्रोफेसरों की स्वीकृति के लिए अनुरोध करने को इच्छुक है, क्योंकि इन कार्यक्रमों में बेहद संख्या में पाठ्यक्रम भी संलग्न है ।

**7.3.4** सदन द्वारा रिपोर्ट की गई उपलब्धियों के लिए अपूर्व संतोष व्यक्त किया गया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:04** | वित्त समिति की **23.05.2011**को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि |

कार्यवृत्त

**7.4.1** सचिन (प्रभारी) ने सम्मानित सदस्यों को कार्यवृत्त एवं अनुवर्ती करवाई रिपोर्ट समय से परिचालित नहीं करने के लिए माफी मांगी । उन्होंने अनुरोध किया है कि सदन कार्यसूची के साथ प्रस्तुत कार्यवृत्त एवं अनुवर्ती

कार्रवाई रिपोर्ट पर विचार करें तथा इसकी पुष्टि करें । सम्मानित सदस्यों ने राय व्यक्त की थी विश्वविद्यालय पिछली बैठक की तारीख से 25 दिनों के अंतर्गत कार्यवृत्त परिचालित करें । अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि इसका अनुसरण किया जाएगा । सम्मानित सदस्यों ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत सदस्यों के नाम कार्यवृत्त में निर्णय/सुझाव के बिंदुओं पर अभिलेखित न की जाए क्योंकि बैठक में व्यक्त राय सदन की राय होती है । सचिव (प्रभारी) ने इसके भविष्य अनुपालन का आश्वासन दिया।

**7.4.2** तत्पश्चात सदन ने वित्त समिति की दिनांक 23 मई 2011 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:05** | वित्त समिति की **23.05.2011**को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की अनुवर्त्ती कारर्वाई रिपोर्ट |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.5.1** कार्यवृत्तके मामले की ही तरह, सचिव (प्रभारी) ने सम्मानित सदस्यों के बीच अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट अग्रिम रूप से परिचालित ना कर पाने के लिए माफी मांगी । सम्मानित सदस्यों ने आग्रह किया कि कार्यवृत्त की तरह की ए टी आर भी बैठक की तारीख से 25 दिनों के अंतर्गत परिचालित किया जाए । सदन ने विनिवेश समिति गठित किए जाने के बारे में विश्वविद्यालय द्वारा की गई कारर्वाई के बारे में पूछा । इस पर यह उत्तर दिया गया कि विश्वविद्यालय एक विस्तृत आधार वाली समिति के लिए इच्छुक है, जबकि गंगटोक में विनिवेश/ वित्त विशेषज्ञों की उपलब्धता सीमित है। अध्यक्ष ने सम्मानित सदस्यों से विशेषज्ञों के कुछ नाम सुझाने को कहा, जिन्हें विनिवेश समिति में संलग्न किए जाने पर विचार किया जा सके ।

**7.5.2** यांग्यांग में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के बारे में सचिव (प्रभारी) ने सदन को सूचित किया है कि के वी एस के चेयरमैन व उपकुलपति को आश्वासित किया है कि के वी एस द्वारा प्रस्ताव प्राप्त किया गया है तथा दिसंबर 2011 में निरीक्षण दल यांग्यांग भेजा जा रहा है, ताकि यांग्यांग में के वी मार्च, 2012 से अपना कार्य प्रारंभ कर सके । इस पर सम्मानित सदस्यों ने जानना चाहा जब यांग्यांग में भूमि हस्तांतरण नहीं किया है, तो विश्वविद्यालय किस प्रकार विद्यालय के लिए भवन की योजना बना रहा है । अध्यक्ष ने उत्तर दिया कि विश्व विद्यालय कैंपस के समीप दो भवनों की पूर्व में ही पहचान की जा चुकी है । आरंभ में के वी को इनमें रखा जाएगा एवं जब विश्वविद्यालय को भूमि हस्तांतरित किया जाएगा इसे कैंपस के अंदर वर्तमान भवनों में पुनर्निर्माण के बाद स्थानांतरित किया जाएगा । सदन ने उन कारणों को भी जानना चाहा कि जब तक विश्वविद्यालय के कैंपस को यांग्यांग स्थानांतरित नहीं किया गया है, अग्रिम रुप से के वी आरंभ किए जाने के पीछे सोच क्या है? अध्यक्ष ने उत्तर दिया कि आरंभ में के वी का उपयोग स्थानीय नागरिकों के लाभार्थ किया जाएगा एवं जब यूनिवर्सिटी विभाग स्थानांतरित कर लिए जाते हैं तो स्कूल का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्मिक सदस्यों एवं स्थानीय बच्चों दोनों के लिए किया जाएगा ।

**7.5.3** उपरोक्त विमर्श के बाद सदन ने अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:06** | सी एंड ए जी के वर्ष **2010-11** कि वार्षिक लेखाओं पर अंतिम लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र पर विचार |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.6.1** सदन ने सी एंड ए जी के वर्ष 2010- 11 के वार्षिक लेखाओं पर अंतिम लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र (अलग से लेखक परीक्षा रिपोर्ट) पर विचार विमर्श किया तथा इसका अनुमोदन किया । सचिव (प्रभारी) ने सदन को इस ए आर में सी एन्ड जी द्वारा की गई आपत्तियों के बारे में स्पष्टता दी एवं उल्लेख किया कि यह नई किस्म की है । सदन में इच्छा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय को अपने वार्षिक रिपोर्ट वार्षिक लेखाओं एवं लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र, वर्ष 2010-11 दिनांक 31.12.2011 की निर्धारित तारीख तक संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत करना चाहिए । अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विलंब मुख्यता वार्षिक रिपोर्ट को हिंदी में अनूदित करवाने में हुई है तथा उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उपरोक्त को संसद के सदनों के समक्ष समय से प्रस्तुत करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा ।

**7.6.2** सदन ने इस पर विचार किया तथा इसका अनुमोदन किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:07** | सी एंड ए जी के वर्ष **2010-11** कि वार्षिक लेखाओं पर अंतिम लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र पर विचार |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.7.1** सदन ने उनके समक्ष प्रस्तुत संशोधित प्राक्कलन 2011-12 एवं बजट प्राक्कलन 2012 -13 पर विचार किया । उपरोक्त प्राक्कलनों में प्रक्षेपित आवश्यकताओं को मौखिक रूप से सदन में स्पष्ट किया गया । सदन नें XII योजना प्रक्षेपण के बारे में बहुलकताओं पर भी विचार विमर्श किया । यह उल्लेख किया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय XI योजना हेतु योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करता है । XII योजना से संबंधित स्थिति मंत्रालय से सुनिश्चित किया जाना है कि क्या यह योजना अथवा गैर योजना अनुदान होगा । तत्पश्चात् सदन ने इसका अनुमोदन किया तथा अंतिम अनुमोदन हेतु कार्यकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए अनुशंसा किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:08** | अव्ययित अवशिष्ट की स्थिति |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.8.1** सदन ने दिनांक 01.11.2011 की स्थितिनुसार अव्ययित अवशेष पर विचार किया तथा नोट किया कि विश्वविद्यालय ने सामान्य विकास अनुदान का लगभग 80 प्रतिशत खर्च किया है ।

**7.8.2** सदन द्वारा इसे अभिलेखित किया गया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:09** | दिनांक **30.9.2011** को समाप्त छमाही हेतु विश्वविद्यालय की अर्धवार्षिक लेखाएं |

कार्यवृत्त

**7.9.1** सदन ने दिनांक 30.09.2011को समाप्त छमाही हेतु विश्वविद्यालय की अर्धवार्षिक लेखाओं पर विचार किया एवं इसका अनुमोदन किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:10** | दिनांक **30.9.2011** को समाप्त छमाही हेतु आंतरिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार |

कार्यवृत्त

**7.10.1** सदन ने आंतरिक लेखा परीक्षकों की 30 .09.2011 को समाप्त छमाही हेतु अर्धवार्षिक रिपोर्ट पर विचार किया । सचिव (प्रभारी) इस कार्रवाई को स्पष्ट किया जो कि रिपोर्ट में दर्शाई गई कमियों को दूर करने के लिए की गई अथवा की जाने वाली थी । अध्यक्ष में उल्लेख किया है कि विश्वविद्यालय का प्रयास आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा दिखलाए गए भूलों को वर्ष 2011- 12 हेतु लेखाओं की समाप्ति के पूर्व तक दुरुस्त करने का है।

**7.10.2** तत्पश्चात सदन ने विश्वविद्यालय द्वारा की गई अनुपालन कार्रवाई का अनुमोदन किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:11** | महालेखाकार (लेखा परीक्षा) सिक्किम की वर्ष **2010-11** हेतु निरीक्षण रिपोर्ट |

कार्यवृत्त

**7.11.1** सदन ने महालेखाकार( लेखा परीक्षा), सिक्किम की वर्ष 2010-11 हेतु निरीक्षण रिपोर्ट तथा इस पर विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए उत्तरों पर विचार किया ।

**7.11.2** सचिव (प्रभारी) ने सदन के समक्ष महालेखाकार द्वारा पाई गई विसंगतियों पर विश्वविद्यालय की अनुवर्ती कार्रवाई को स्पष्ट किया ।

**7.11.3** तत्पश्चात सदन ने अनुपालन कार्रवाई का अनुमोदन किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:12** | गंगटोक स्थित भूमि का प्रापन |

कार्यवृत्त

**7.12.1** इस कार्य सूची विषय पर अध्यक्ष ने उल्लेख किया कि उन्हें एम एच आर डी से जानकारी मिली है कि गंगटोक स्थित भूमि के प्रापन का प्रस्ताव मंत्रालय द्वारा निपटान किया गया है । चूंकि यूजीसी द्वारा भी

निधियों का आवंटन पूर्व में ही कर दिया गया है अतः उन्होंने उल्लेख किया की संपूर्ण प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है । अध्यक्ष द्वारा भूमि क्रय समिति के प्रति सदस्यों को नामित करने हेतु अनुरोध के संबंध में सम्मानित सदस्यों ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय इस संबंध में संबंधित सरकारों एवं यू जी सी को लिख सकता है.

**7.12.2** अध्यक्ष महोदय उपरोक्त सुझाव से सहमत हुए ।

समूह **II –** सूचनार्थ रिपोर्ट की गई मदें

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:13** | यांग्यांग में भूमि अधिग्रहण की स्थिति रिपोर्ट |

कार्यवृत्त

**7.13.1** अध्यक्ष महोदय द्वारा विस्तृत स्थिति स्पष्ट किया गया । इस मुद्दे पर घटनाओं का सिलसिलेवार इतिवृत्त दर्शाते हुए विस्तृत टिप्पणी आवश्यक संबद्ध कागजातों सहित सदन के सम्मानित सदस्यों के बीच परिचालित की गई । सदन ने सिक्किम सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सम्मानित सदस्यों से वर्तमान स्थिति को जानना चाहा । सम्मानित सदस्य ने कहा कि वह संबंधित विभागों से आवश्यक विवरण प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अद्यतन स्थिति से अवगत करेगा ।

**7.13.2** तत्पश्चात सदन द्वारा कार्यसूची मद को नोट किया गया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:14** | सिक्किम विश्वविद्यालय की मौखिक इतिहास परियोजना |

कार्यवृत्त

**7.14.1** सदन में कार्य सूची मध्य पर विचार किया तथा मौखिक इतिहास परियोजना लागू किए जाने पर अपनी प्रशंसा अभिलिखित किया । अध्यक्ष ने सूचना दी कि यद्यपि बजट में मौद्रिक प्रावधान किया गया है, परंतु विश्वविद्यालय इस परियोजना के लिए विभिन्न बाह्य उपकरणों से निधि प्राप्त करने के लिए आशान्वित है। इस पर सम्मानित सदस्य ने सुझाव दिया कि इस परियोजना में निधि प्रदाय हेतु यू जी सी से "नवीकरण कार्यक्रम" के अंतर्गत संपर्क कर सकता है ।

**7.14.2** अध्यक्ष महोदय ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:15** | सिक्किम विश्वविद्यालय की संग्रहालय परियोजना |

कार्यवृत्त

**7.15.1** सदन ने कार्यसूची मत पर विचार किया तथा इस परियोजना को लागू किए जाने के लिए अपनी प्रशंसा अभिलिखित किया सदन ने जानना चाहा कि किस विभाग के अंतर्गत कथित परियोजना स्थापित की जाएगी। अध्यक्ष ने उत्तर दिया कि विश्वविद्यालय सत्र 2012 -13 से इतिहास विभाग आरंभ करने का विचार कर रहा है, तथा संग्रहालय परियोजना का प्रबंधन प्रस्तावित विभाग द्वारा किया जाएगा । अध्यक्ष ने आगे बताया कि संस्कृति मंत्रालय भी इस परियोजना में निधि प्रदाय हेतु इच्छुक है।

**7.15.2** तत्पश्चात सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:16** | सिक्किम विश्वविद्यालय की सामुदायिक रेडियो परियोजना |

कार्यवृत्त

**7.16.1** सदन ने कार्य सूची मध्य पर विचार किया तथा सिक्किम में सामुदायिक रेडियो परियोजना लागू करने की विश्वविद्यालय की योजना की प्रशंसा की । अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का मॉनिटरिंग विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा किया जाएगा ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:17** | वसंत व्याख्यान एवं पुस्तक विमर्श |

कार्यवृत्त

**7.17.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:18** | चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम - स्पीकमैके |

कार्यवृत्त

**7.18.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:19** | चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम - हास्य कवि सम्मेलन |

कार्यवृत्त

**7.19.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:20** | चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम - ई-शासन |

कार्यवृत्त

**7.20.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:21** | चतुर्थ स्थापना कार्य दिवस- अंतर महाविद्यालय वाद विवाद |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.21.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:22** | चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम - सावन झारी |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.22.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:23** | चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम - हमारे बीच प्रतिभावान |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.23.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:24** | चतुर्थ स्थापना दिवस व्याख्यान एवं पुस्तक विमर्श कार्यक्रम |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.24.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:25** | संकाय सदस्यों की पाक्षिक मूल्यांकन बैठक |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.23.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:26** | सिक्किम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ का गठन |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.26.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को अपनी सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:27** | छात्रों के नामांकन पर स्थिति रिपोर्ट |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.27.1** सदन ने कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया। सदन ने इथ्नो बॉटनी लॉ, कंप्यूटर साइंस एवं चीनी भाषा विभाग में छात्रों की कम संख्या में नामांकन का कारण जानना चाहा । अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यद्यपि यह पाठ्यक्रम देश के इस क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण है परंतु इथ्नो बॉटनी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग वर्ष 2011- 12 में आरंभ किए गए अभी नए हैं एवं अभ्यर्थियों को इन कार्यक्रमों का मूल्य ज्ञात ना भी हो सकता है । विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों में भी आरंभ में ऐसा ही हुआ । विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के माध्यम से बृहत नामांकन अभियान चला रहा है ताकि छात्र नामांकन में अभिवृद्धि हो सके साथ ही नागरिकों एवं बच्चों के बीच विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के बारे में अधिक जागरूकता उत्पन्न की जा सके ।

**7.27.2** उपरोक्त विचार विमर्श के साथ सदन ने कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:28** | विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिभावान अवार्ड की स्वीकृति |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.28.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:29** | शरद प्रवास |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.29.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:30** | हाल की एवं होने वाले इवेंट्स - संगोष्टियां/सम्मेलन |

<u>कार्यवृत्त</u>

**7.30.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:31** | खेलकूद योजना का प्रायोजिकरण |

कार्यवृत्त

**7.31.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया । कार्यसूची पर विचार विमर्श करते हुए सिक्किम सरकार के सम्मानित सदस्य ने जानना चाहा कि क्या विश्वविद्यालय सरकारी लेखाओं के नकदी आधार से प्रोद्भुत प्रणाली में परिवर्तन की परियोजना लागू करने को इच्छुक हो सकता है । अध्यक्ष ने उत्तर दिया कि विश्वविद्यालय इस कार्य को करने का इच्छुक होगा, यदि राज्य सरकार द्वारा इसके लिए विश्वविद्यालय को औपचारिक रुप से अनुरोध करती है।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:32** | सहायक कर्मचारी/कनिष्ठ कार्यकारी की परिलब्धियां |

कार्यवृत्त

**7.32.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:33** | अंगीभूत महाविद्यालयों का भ्रमण |

कार्यवृत्त

**7.33.1** सदन ने इस कार्यसूची मद को सूचनार्थ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:**07:34** | अध्य महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय |

कार्यवृत्त

**7.34.1** सदन ने विदाई ले रहे सचिव (प्रभारी) श्री पी वी रवि का विश्वविद्यालय के प्रति उनके अवदानों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । चूंकि बैठक में उठाए जाने के लिए कोई विषय नहीं था, अत: अध्य महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यवाही समाप्त घोषित की गई ।

[डॉ0 ज्योति प्रकाश तामंग]
रजिस्ट्रार एवं सचिव(प्रभारी)
वित्त समिति